यूटीयू की परीक्षा के दौरान नौ दिन में 47 नकलची पकड़े

- अकेले रुड़की स्थित फोनेक्स इंजीनियरिंग कालेज में 29 छात्र नकल करते मिले
- कुलपति ने इस कालेज के परीक्षा पर्यवेक्षक को तत्काल बदलने के आदेश जारी किए

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध कालेजों में सेमेस्टर परीक्षा के दौरान उड़नदस्तों ने नौ दिन के भीतर नकल करते हुए 47 छात्र को पकड़ा। अकेले रुड़की स्थित फोनेक्स कालेज आफ इंजीनियरिंग में 29 छात्र को नकल करते हुए पाया गया।

यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि जिन संस्थानों में नकल के मामले पकड़े गए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुलपति ने बुधवार को फोनेक्स कालेज का औचक निरीक्षण किया तो परीक्षा केंद्र की अव्यवस्था को देखकर कुलपति का पारा चढ़ गया, उन्होंने संस्थान के निदेशक को फटकार लगाई और चेतावनी दी कि परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो संस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस संस्थान के परीक्षा पर्यवेक्षक को तत्काल बदलने के आदेश दिए।

यूटीयू कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सभी संस्थानों को सेमेस्टर परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने के आदेश भी दिए।